कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस-नोट

दिनांक-16.11.2024

विषयः- पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त विशाल यादव को थाना शिवपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया व 01 नफ़र बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराधों की रोकथाम एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त कैन्ट के नेतृत्व मे थाना शिवपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-0534/2024 धारा-137(2)/61(2)/74/351(2) बीएनएस व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त विशाल यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी बेलवरिया थाना शिवपुर वाराणसी को आज दिनांक-16.11.2024 को समय करीब 11.30 बजे फन्टेसिया वाटर पार्क दान्दूपुर शिवपुर से गिरफ्तार किया गया व मुकदमा उपोरक्त से संबंधित 01 नफर बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। उक्त सम्बन्ध में थाना शिवपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 07.11.2024 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि प्रार्थिनी की नाबालिग पुत्री उम्र करीब वर्ष 14 को विपक्षीगण ने प्रार्थिनी के घर के गेट के बाहर मिलने को बुलाया तो वह मिलने के लिये गेट को खोलकर बाहर गयी तो सभी लोग मिलकर उनकी नाबालिग पुत्री को एक कार में जबरदस्ती बैठाकर बेलवरिया की तरफ उसका अपहरण करके ले गये। जब प्रार्थिनी गेट खुलने और अपने पुत्री की चीख-पुकार सनुकर घर से बाहर आयी तो वहाँ उनकी पुत्री नहीं दिखाई दी जिसके उपरांत प्रार्थनी ने पुलिस को सूचना दी फिर जब विपक्षीगण को फोन किया गया तो उनकी पुत्री को वे लोग रोड़ पर ही छोड़कर सिन्धोरा की तरफ भाग गये, जिसके आधार पर थाना शिवपुर मे सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 प्रशांत पाण्डेय द्वारा संपादित की जा रही है।

पूछताछ विवरण- अभियुक्त विशाल यादव ने पूछताछ करने पर बताया कि मैं उस दिन अपने दोस्त (नाबालिग) व एक अन्य दोस्त के साथ गाड़ी से पीड़िता के घर पर गया था और उसे मेरे दोस्त (नाबालिग) ने फोन कर बाहर बुलाया फिर उसको गाड़ी में बैठाकर कुछ दूर ले गये थे। थोड़ी देर सड़क के किनार खड़े थे फिर जब पुलिस की गाड़ी को पीड़िता के घर की तरफ जाते हुये देखे तो हमलोग डर गये थे तथा पीड़िता को वहीं कुछ दूरी पर सड़क पर छोड़कर भाग गये थे।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1-विशाल यादव पुत्र राजकुमार यादव निवासी बेलवरिया थाना शिवपुर वाराणसी, उम्र करीब 20 वर्ष ।

2- मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 01 नफ़र बाल अपचारी, उम्र करीब 16 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समयः- फन्टेसिया वाटर पार्क दान्दूपुर शिवपुर से, दिनांक 16.11.2024 को समय 11.30 बजे ।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0-0534/2024 धारा-137(2)/61(2)/74/351(2) बी0एन0एस0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट थाना शिवपुर कमि0 वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1- उ0नि0 प्रशांत पाण्डेय थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2- का0 सतीश चौरसिया थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3- का0 ज्ञानेद्र यादव थाना शिवपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन,
कमिश्नरेट वाराणसी।